**NEHRU GRAM BHARATI**
(Deemed to be University)
[Estd. U/s-3 of UGC Act 1956]

**Mega Plantation Programme to the**
**"Catch the Rain Scheme Launched by honorable Prime Minister of India"**
**On occasion of Van Mahotsav Week, 2025**

**(Saturday, July 05, 2025 at 11.30 AM)**

**Organised by**

## Green Audit Committee, NGBDU & Ganga Task Force, Regional Office Namami Gange, Prayagraj

## Venue: Manas Farms, Sarapatipur Campus, Nehru Gram Bharati (Deemed to be University)

Activate Windows
Go to Settings to activat

# गंगा टास्क फोर्स एवं नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय ने किया सघन पौधरोपण

**झूंसी।** गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद संकरण की अगुवाई एवं लेफ्टिनेंट कर्नल नहुष मालवीय की अध्यक्षता में शनिवार को नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में सघन पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रोहित रमेश ने पर्यावरण के समग्र अंग के प्रति एकीकृत रूप में सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। रोपित किए गए पौधों में आम, अमरूद, जामुन, नीम, गुलमोहर, अमलतास, अशोक, अर्जुन के समेत 400 पौधे लगाए गए। संयोजक डॉ.आदिनाथ ने बताया कि वनस्पतियां वेदमाता गायत्री की उंगली हैं।




**पौधरोपण करते शिक्षक एवं अन्य।** संवाद

सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी सुनीत राय ने कहा कि प्राचीन व्यवस्था को आत्मसात करना चाहिए। इस मौके पर सूबेदार सर्वेश तिवारी,नायक सूबेदार अमृतलाल, हवलदार निपुण,राहुल, कुलसचिव डॉ.हिमांशु टंडन,डॉ.राजेश तिवारी,डॉ.आशीष शिवम्, डॉ.शक्तिनाथ त्रिपाठी,डॉ. संतेश्वर मिश्र, डॉ.संजय भारती, डॉ.उत्तम पाठक, डॉ.श्रवण शुक्ल गंगा,संजय आदि मौजूद रहे। संवाद




**पौधरोपण करते नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के शिक्षक।** संवाद

# नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में किया गया व्यापक पौधरोपण

**झूंसी।** नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय) के विधि संकाय के विधिक सहायता केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को पर्यावरण जागरूकता के तहत हनुमानगंज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ अधिष्ठाता विधि संकाय डॉ.स्वप्निल त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार,परिसर प्रभारी सौरभ तिवारी एवं विधिक सहायता केंद्र के समन्वयक डॉ.दिलीप कुमार ने किया। हनुमानगंज परिसर में डॉ.आदिनाथ, डॉ.श्रवण मिश्र ने मंत्रोच्चारण के बीच पौधरोपण कार्यक्रम को शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान सुदनीपुर देवराज सिंह के दिशा निर्देश से प्राथमिक विद्यालय सुदुनीपुर में व्यापक पौधरोपण किया गया। इस मौके पर विधि संकाय के डॉ.दिलीप कुमार .डॉ.सियाराम शुक्ला,डॉ.राजीव नैन सिंह, डॉ.मोनिका सिंह,डॉ.श्रीप्रकाश यादव, विमल सिंह, अमित पांडेय,डॉ.सुनील मिश्र, मानवेंद्र आदि मौजूद रहे। संवाद

# नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के परिसर में सघन पौधरोपण

**बीके यादव/बालजी दैनिक**



प्रयागराज-नेहरु ग्राम भारती विश्वविद्यालय में अनवरत चल रहे सघन पौधरोपण कार्य में बुधवार को पांचवें दिन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित 1 करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अमरूद, अनार, आम, मोरिंगा, जामुन, करंज, अर्जुन, गुलमोहर, आंवला, अमलतास के लगभग सैकड़ों पादप विज्ञान संकाय व संबंधित क्षेत्र में किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षक विधि प्रकोष्ठ के संयोजक कृष्ण मोहन का बहुत ही ज्ञानवर्धक उद्बोधन हुआ जिसमे उन्होंने पर्यावरण मित्रम जागरूकता की चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ आदि नाथ ने बताया कि पौधे द्वारा कार्बन को संग्रह कर भोजन का संभरण करके वैश्विक क्लाइमेट परिवर्तन को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। जबकि समुद्री, भूगर्भीय सीकस्ट्रसन और मिटिगेशन भयावह हो सकता है अतएव प्रकृति के चेतावनी को समझते हुए ग्लोबल वार्मिंग रोकना अत्यावश्यक है। डॉ सव्यसाची (निदेशक जमुनीपुर), डॉ शक्ति नाथ त्रिपाठी, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ श्रवण मिश्रा, डॉ अमिताभ चंद्र द्विवेदी, शशिकांत दुबे, मुन्नीलाल, रेशमा, मुन्ना विंद, सत्यवान सहित सैकडों लोग सम्मिलित रहे।


137 CETF BN (TA) 39 GR
'A' COY
137 CETF BN (TA) 39 GR
'A' COY
137 CETF BN (TA) 39 GR
137 CETF BN (TA) 39 GR
मान लो तो हार है ठान लो तो जीत है


137 CETF BN (TA) 39 GR
'A' COY
137 CETF BN (TA) 39 GR
वन महोत्सव सप्ताह
'A' COY
137 CETF BN (TA) 39 GR
137 CETF BN (TA) 39 GR
मान लो तो हार है ठान लो तो जीत है


137 CETF BN (TA) 39 GR
वन महोत्सव सप्ताह
पेड़ लगाओ और धरती को
'A' COY
137 CETF BN (TA) 39 GR
GANGA TASK FORCE
(PRAYAGRA

SHREE 7NEWS

खबर, बिज्ञापन, इंटरव्यू, डॉक्यूमेंट्री के लिए संपर्क करें - मो. 9415614652

05-06-2025, वाराणसी, उत्तर प्रदेश

www.shree7news.in

# विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा पर पौधरोपण, स्वच्छता अभियान व यज्ञ का आयोजन





SHREE 7NEWS प्रयागराज। विश्व पर्यावरण दिवस एवं माँ गंगा अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर नमामि गंगे के तत्वावधान में स्वामी योगानंद आश्रम में भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान अनुर्वर भूमि पर मौलश्री, गुड़हल, मीठी नीम, सर्पगंधा एवं कदंब जैसे औषधीय एवं छायादार पौधों का पौधरोपण किया गया। गंगा दशहरा पर्व पर मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति में यज्ञ, पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा भगवान शिव की जटा से मुक्त होकर सात धाराओं में विभक्त होकर पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह ने मां गंगा एवं समस्त पर्यावरण की रक्षा हेतु संकल्प लिया। डॉ. नरेन्द्र नाथ व्यास, आचार्य पंकज जी महाराज (शिवशक्तिधाम हालोली, पालघर, महाराष्ट्र), स्वामी चिद्बानंद गिरी जी महाराज, रंजन शर्मा, राजेश शर्मा, पंकज सिंह एवं माँ गंगा सेवा समिति के अन्य सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में यज्ञ और हवन सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में नेहरू ग्राम भारती डीम्ड विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल करते हुए पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. शक्ति नाथ त्रिपाठी, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. धीरज पाण्डेय, डॉ. प्रदीप उपाध्याय, डॉ. आदि नाथ, मुन्नी लाल, सत्यवान, बाबादीन सहित विज्ञान विभाग के सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर के वनस्पति उद्यान एवं समन्वित क्षेत्र में पॉलीथिन उन्मूलन अभियान भी चलाया गया। डॉ. आदिनाथ (विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान) एवं नमामि गंगे के संयोजक श्री राजेश शर्मा ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर दुर्गा कवच का स्मरण करते हुए पर्यावरण के संरक्षण का महत्व रेखांकित किया गया— "यावद्भूमंडलं धत्ते सशैलवनकाननम्, तावत्तिष्ठति मेदिन्यां सन्ततिः पुत्र पौत्रिकी।" अर्थात जब तक धरती पर नदियाँ, वृक्ष, जलाशय व पर्वत सुरक्षित रहेंगे, तभी तक मानव जाति का संरक्षण संभव होगा। कार्यक्रम में जनभागीदारी व उत्साह देखने योग्य रहा, तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विश्वविद्यालय से लेकर आश्रमों में हुए पौधरोपण

**झूंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय से लेकर झूंसी के आश्रमों में भी पौधरोपण किया गया। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से मौलश्री, गुड़हल, मीठी नीम, सर्पगंधा, कदंब के पौधे लगाए गए। विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ.शक्ति नाथ त्रिपाठी, डॉ.रविकांत सिंह, डॉ.धीरज पांडेय, डॉ. प्रदीप उपाध्याय, डॉ.आदिनाथ, मुन्नीलाल,सत्यवान,बाबादीन आदि मौजूद रहे। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के झूंसी केंद्र में कार्यकारी अकादमिक निदेशक डॉ.आशा मिश्रा ने पौधरोपण किया। इस मौके पर जयेंद्र जायसवाल,सुभाष श्रीवास्तव, देवमूर्ति द्विवेदी, बिरजू प्रसाद, जगजीवन राम प्रजापति, रोहित कुमार, अभिषेक चंद्रा,पीतांबर गौतम आदि मौजूद रहे। नई झूंसी स्थित परमानंद आश्रम में संचालित स्वामी नरोत्तमानंद गिरि वेद विद्यालय के छात्रों ने परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर कृष्ण कुमार मिश्र, अवनि कुमार सिंह व वेदाचार्य जीवन उपाध्याय आदि मौजूद रहे। उमेश पटेल की अगुवाई में जीवन ज्योति शिक्षा समिति की ओर से भी पौधरोपण किया गया। संवाद



# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया पौधरोपड़

**बीके यादव/ बालजी दैनिक**

प्रयागराज-विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा मौलश्री, गुड़हल, मीठी नीम, सर्पगंधा, कदंब के पौधों का रोपण अनुर्वर भूमि में किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ शक्ति नाथ त्रिपाठी, डॉ रविकांत सिंह, डॉ धीरज पाण्डेय, डॉ प्रदीप उपाध्याय, डॉ आदि नाथ, मुन्नी लाल, सत्यवान, बाबादीन सहित विज्ञान विभाग के सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों व शिक्षकों के सौजन्य से वनस्पति उद्यान व समन्वित क्षेत्र में पॉलीथिन उन्मूलन कार्यक्रम अभियान भी चलाया गया।